136

# VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS R.N. NO. 03 16 SEP 2018 RECEIVED

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1073)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | सुनिल कुमार धनवन्ता | | |
| Medium Eng./Hindi | हिन्दी | Registration Number | 109506 |
| Center | KB | Date | 16/09/18 |

## INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |
| 13 | 20 | |
| 14 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

## INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **FOURTEEN** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें चौदह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

M-1/4, Plot No-A-12/13, Ist Floor, Ansal Building, Dr. Vidya Sagar Homeopathic Clinic, Mukherjee Nagar, Delhi-110009

# EVALUATION INDICATORS

1. **Contextual Competence**
2. **Content Competence**
3. **Language Competence**
4. **Introduction Competence**
5. **Structure - Presentation Competence**
6. **Conclusion Competence**

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

**1.**

**2.**

**3.**

**4.**

**5.**

**6.**

**All the Best**

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**Answer the following questions in not more than 150 words each:**

1. **(a)** Discuss the ethical issues involved in the recent refugee crisis and immigration as a global phenomenon from a broad perspective of globalisation and rights of citizens and aliens. **(10)**

वैश्वीकरण और नागरिकों एवं विदेशियों के अधिकारों के व्यापक परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से विचार करते हुए एक वैश्विक परिघटना के रूप में हालिया शरणार्थी संकट और आप्रवासन में समाविष्ट नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

हाल ही में म्यांमार में रोहिंग्या शरणार्थियों पर भारी हिंसा के कारण लाखों रोहिंग्या बेघर हो गए।

शरणार्थी संकट एवं आप्रवासन में शामिल नैतिक मुद्दे:

(i) शरणार्थियों को अति निम्न दशाओं में अपने जीवन का निर्वाह करना पड़ता है तथा उनको भुखमरी, बेरोजगारी, गरीबी तथा यौन शोषण का सामना करना पड़ता है। मानव द्वारा मानव के खिलाफ ऐसा कृत्य मानवता के खिलाफ तथा अनैतिक है।

2. किसी को अपने मूल निवास स्थान से बेदखल करना, समाज में मानव के

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रति व्याप्त असंवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है जो मानवता के स्तर के गिरावट का संकेतक है।

3. शरणार्थियों को भोजन, रोजगार, मतदान इत्यादि संबंधी कोई अधिकार नहीं दिया जाता, जो कि उनको नैसर्गिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित करता है।

इस प्रकार शरणार्थियों को अनेक कारकों के फलस्वरूप अपने जीवन के समक्ष संकट का सामना करना पड़ता है जो कि समाज के समक्ष एक व्यापक नैतिक चुनौती प्रस्तुत करता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. **(b)** Corruption distorts not only functioning of the Government in India but business and corporate activities as well. Explain and discuss how the state can effectively deal with deficit of ethics in the private sector. **(10)**

भ्रष्टाचार न केवल भारत में सरकार की कार्यप्रणाली अपितु कारोबार एवं कॉर्पोरेट गतिविधियों को भी विकृत करता है। व्याख्या करते हुए चर्चा कीजिए कि राज्य निजी क्षेत्र में नैतिकता की कमी से किस प्रकार प्रभावी रूप से निपट सकता है।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के अनुसार भ्रष्टाचार अंतःकरण पर आधात होता है। भ्रष्टाचार से सरकार के साथ साथ कारोबार भी प्रभावित होता है

→ इससे सरकार में अपारदर्शिता तथा अकुशलता का समावेश होता है

→ अनेक कारोबारी सौदों को अयोग्य व्यापारियों को दिए जाने पर योग्य कारोबारी हतोत्साहित होते है जिससे देश में निजी एवं विदेशी निवेश में कमी आती है

→ भ्रष्टाचार के फलस्वरूप हुए सौदों के फलस्वरूप निम्न गुणवत्तायुक्त परिसंपत्ति का सृजन होता है जो व्यापक सार्वजनिक हित में नहीं होता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

निजी क्षेत्र में नैतिकता की कमी से निपटने के उपाय.

(i) कॉरपोरेट अभिशासन पर को सभी निजी संगठनों में लागू करने का प्रयास करना ताकि वे कार्यकुशल एवं पारदर्शी बन सके।

(2) समय-समय पर उनका ऑडिट करने की व्यवस्था करना।

(3) निजी क्षेत्र के साथ सौदा करते समय सत्यनिष्ठा समझौते (Integrity Pact) को प्राथमिकता देना

~~इस प्रकार~~ समाज में भी व्यापक नैतिक जागरूकता के माध्यम से भी इस समस्या से निपटा जा सकता है क्योंकि निजी क्षेत्र के लोग भी तो समाज से ही आते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**2.** Given below are two quotations of moral thinkers/ philosophers. For each of these, bring out what it means to you in the present context.

**(a)** "Silence becomes cowardice when occasion demands speaking out the whole truth and acting accordingly" - Mahatma Gandhi. **(10)**

नीचे नैतिक विचारकों/दार्शनिकों के दो उद्धरण दिए गए हैं। इनमें से प्रत्येक के लिए स्पष्ट कीजिए कि, वर्तमान संदर्भ में आपके लिए इनका क्या महत्व है।

"मौन तब कायरता बन जाता है जब परिस्थिति की मांग पूरा सच बता देने और उसी अनुसार कार्य करने की होती है" - महात्मा गांधी।

यह कथन सत्य को उजागर करने से संबन्धित है ताकि दीर्घकालिक हित को साधा जा सके।

जब कोई परिस्थिति लोगों के हित के लिए सत्य को बाहर निकालने की माँग करती है तथा व्यक्ति उस परिस्थिति में मौन रहता है तो वह कायरता का परिचय देता है

वर्तमान में महत्व -

→ अनेक बार राजनेता लोग अनेक भ्रष्टाचार की गतिविधियों में लिप्त रहते हैं तथा जनता व समाज को व्यापक नुकसान पहुंचाते हैं। परन्तु जब किसी प्रशासनिक अधिकारी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

को उसके खिलाफ बयान देने के लिए कहा जाता है तो अपनी नौकरी बचाने के लिए वह व्यापक जनहित की उपेक्षा कर देता है। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों को इस कथन का पालन करते हुए व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए सच बोलने का साहस करना चाहिए।

→ इसी के साथ कोई व्यक्ति जब खुलेआम किसी का कत्ल होते देखता है परन्तु कोर्ट में वह बयान नहीं दे पाता। इसलिए व्यक्ति को कायरता त्याग कर व्यापक के हितों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए।

**2.** **(b)** "We must not only tolerate others, but positively embrace them" - Swami Vivekananda. **(10)**

"हमें न केवल अन्य लोगों के प्रति सहिष्णु होना चाहिए, अपितु उन्हें सकारात्मक रूप से स्वीकार भी करना चाहिए" - स्वामी विवेकानंद।

यह भारत की सहिष्णुता की संस्कृति का परिचायक कथन है, जहां पर सदियों से समाज ने अनेक विचारों को फलने - फूलने की स्वतंत्रता प्रदान की है।

<u>महत्व</u>

→ वर्तमान में अनेक बार देखा जा रहा है कि सरकार की आलोचना करने पर पत्रकारों तथा RTI अभिकर्ताओं की हत्या कर दी जाती है जो असहिष्णुता के माहौल को प्रदर्शित करता है। अतः इस परिदृश्य में सुधार के लिए नेताओं को सहिष्णुता का व्यवहार करना चाहिए

→ एक खास धर्म के लोग दूसरे किसी विशेष धर्म के लोगों के खान-पान पर टिप्पणी करते है तथा कई बार मॉब लिंचिंग के

द्वारा उनकी हत्या तक कर दी जाती है। इसलिए हमारे समाज को दूसरों की संस्कृति, खान-पान, बोली इत्यादि के बारे में सहिष्णु होना होगा

→ अनेक स्थानों पर समलैंगिको पर हमले होने की घटना सामने आती रहती है जो उनके विचारों के प्रति असहिष्णुता को दर्शाता है। इसलिए इस कथन का महत्व यहां भी बढ़ जाता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. **(a)** Emotional Intelligence is part nature and part nurture. Explaining the statement, discuss how emotional intelligence of civil servants can be enhanced. **(10)**

भावनात्मक बुद्धिमत्ता अंशत: स्वभावगत तथा अंशत: परवरिश के माध्यम से विकसित की जाती है। इस कथन की व्याख्या करते हुए, चर्चा कीजिए कि सिविल सेवकों की भावनात्मक बुद्धिमत्ता को कैसे बढ़ाया जा सकता है?

अपनी भावनाओं एवं तर्कों का समुचित उपयोग करते हुए निर्णय लेने की क्षमता को भावनात्मक बुद्धिमता की संज्ञा दी जाती है।

सामान्यत: देखा जाता है कि अनेक व्यक्तियों में यह क्षमता जन्मजात पाई जाती है जो उनके आनुवांशिक गुणों के कारण संभव हो सकता है।

महिलाओं में भी यह क्षमता जन्मजात तौर पर पुरुषों की तुलना में ज्यादा पायी जाती है क्योंकि यह उनका एक जैविक गुण माना जाता है।

परन्तु भावनात्मक बुद्धिमता को समाज में सामाजीकरण, पाठशालाओं में उचित शिक्षा, माता-पिता के मार्गदर्शन, सहपाठियों के सहयोग,

दार्शनिकों के सहयोग तथा प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित भी किया जा सकता है। इसलिए इसका जन्मजात होना आवश्यक नहीं है।

सिविल सेवकों की भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ाना।

→ प्रशिक्षण अकादमी में उचित प्रशिक्षण प्रदान करना।

→ समय-समय उनको अनेक कार्यशालाओं के माध्यम से इस बारे में अवगत कराना

→ समाज के नैतिक ढांचे में सुधार का प्रयास करना ताकि वे पहले से ही ~~इसमें~~ में भावनात्मकता बुद्धिमता रखते हो

→ इसका प्रयोग करने वाले लोकसेवकों को प्रोत्साहित करना


VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**3.** **(b)** What do you understand by Probity in Governance? Examine whether the recent amendments to Prevention of Corruption Act and the proposed ones in Whistleblower Protection Act undermine it. **(10)**

शासन व्यवस्था में ईमानदारी (प्रोबिटी) से आप क्या समझते हैं? परीक्षण कीजिए कि क्या हाल ही में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में किए गए संशोधन एवं व्हिसल ब्लोअर संरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन इसे कमजोर करते हैं?

प्रोबिटी का अर्थ अपने वित्तीय कर्तव्यों का पूर्णतः विधि के अनुसार पालन करना होता है।




प्रोबिटी के माध्यम से सरकार एवं प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार को कम करने में सहायता मिल सकती है।

<u>भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में संशोधन का प्रभाव,</u>

(i) किसी ~~सर्व~~ सेवारत या सेवा निवृत किसी लोकसेवक पर कोई कार्रवाई करने से

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

पूर्व संबन्धित विभाग की अनुमति को बाध्यकारी बनाने से प्रशासन में कानून के प्रति भय समाप्त हो सकता है। इससे भ्रष्टाचारी लोक सेवकों को प्रोत्साहन तथा ईमानदार लोकसेवकों का उत्पीड़न हो सकता है।

व्हिसल ब्लोअर अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव के प्रभाव

इसमें सरकारी सूचना के गोपनीयता के उल्लंघन करने पर व्हिसल ब्लोअर पर सजा के प्रावधान के वजह से प्रशासन में पारदर्शिता एवं प्रोबिटी में कमी आने की संभावना।

→ व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा के साथ समझौता करने से भी सरकार में प्रोबिटी घटने के कारण भ्रष्टाचार बढ़ सकता है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(a)** Ensuring that civil service values are recognised during the recruitment process and ensured through a code of ethics after appointment is a necessary condition of making the civil services an effective instrument of citizen centric governance. Comment. **10**

भर्ती प्रक्रिया के दौरान सिविल सेवा के मूल्यों को प्राथमिकता दिया जाना और नियुक्ति के उपरांत नीतिपरक आचार संहिता के माध्यम से उन्हें सुनिश्चित करना, सिविल सेवाओं को नागरिक केंद्रित शासन का एक प्रभावी साधन बनाने हेतु एक आवश्यक शर्त है। टिप्पणी कीजिए।

एक सिविल सेवक में सिविल सेवा के मूल्यों जैसे- ईमानदारी, पारदर्शिता, समानुभूति, संवेदनशीलता, राजनीतिक तटस्थता इत्यादि का होना प्रशासन व लोक हित में होता है।

भर्ती परीक्षा में इन मूल्यों के जांच के माध्यम से अयोग्य उम्मीदवारों को बाहर करने में मदद मिल सकती है। जैसे वर्तमान में सामान्य अध्ययन के पेपर 4 तथा साक्षात्कार की प्रक्रिया के माध्यम से इन मूल्यों की जांच कर योग्य उम्मीदवारों के चयन का प्रयास करता है।

परंतु कई बार इसमें भी कमी रह जाती है जैसे गत वर्ष एक चयनित IPS

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अधिकारी परीक्षा में नकल करता पकड़ा गया। आश्चर्य की बात है कि उसके पिछली परीक्षा में (जिसमें चयन हुआ था) नैतिकशास्त्र के पेपर में ही सर्वाधिक अंक थे।

इसलिए इस कमी को ट्रेनिंग तथा नीति परक आचार संहिता के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इस संहिता में सिविल सेवा के लिए आवश्यक ऐसे नैतिक मूल्यों एवं मानकों का समावेश होता है जिनका पालन करने की अपेक्षा उनसे की जाती है।

परन्तु इसके साथ-साथ समाज के नैतिक मूल्यों के ढांचे में भी व्यापक सुधार करने की आवश्यकता है, क्योंकि ये लोकसेवक इसी समाज से निकलकर आते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(b)** What do you understand by cognitive dissonance? Giving examples, discuss how it influences one's behavior and attitude. **(10)**

संज्ञानात्मक विसंवादिता या विसंगति (cognitive dissonance) से आप क्या समझते हैं? उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, चर्चा कीजिए कि यह किसी व्यक्ति के व्यवहार एवं अभिवृत्ति को किस प्रकार प्रभावित करती है।

अभिवृत्ति के तीन घटक होते है-

(i) संज्ञानात्मक घटक
(ii) भावनात्मक घटक (Affective Component)
(iii) व्यवहारात्मक घटक

जब किसी कारण से इन तीनों घटकों में असंतुलन देखा जाता है तो व्यक्ति असहज महसूस करता है। जैसे कोई व्यक्ति मानता है कि भ्रष्टाचार देश के लिए हानिकारक है फिर भी वह अपने कार्यालय में रिश्वत लेता है तो यह संज्ञानात्मक विसंगति का संकेतक होता है।

इसके माध्यम से किसी व्यक्ति के व्यवहार को परिवर्तित (सकारात्मक रूप में) करने में सहयोग प्राप्त हो सकता है।

जैसे अनेक लोग मानते है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कि वोट देना लोकतंत्र की मूलभूत विशेषता है जबकि चुनाव के समय वे मतदान में भाग नहीं लेते। इस स्थिति में उनके मन में संवादात्मक दुविधा पैदा करके उनके व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है।

इसी प्रकार भ्रष्टाचार, यौन अपराध, महिलाओं का उत्पीड़न, समलैंगिकों पर अत्याचार, सांप्रदायिकता इत्यादि को रोकने में भी इसका काफी महत्व है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(a)** What do you understand by Amartya Sen's 'capability approach'? Analyse its significance in understanding social realities and in making a pro poor development strategy. **(10)**

अमर्त्य सेन के 'क्षमता दृष्टिकोण' से आप क्या समझते हैं? सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और निर्धन-उन्मुख विकास रणनीति बनाने में इसके महत्व का विश्लेषण कीजिए।

अमृत्य सेन ने अपने क्षमता उपागम' में बताया कि सरकार को समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सक्षम बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि वे अपने समक्ष उत्पन्न विकल्पों का चयन करने में सक्षम हो सके।

सामाजिक वास्तविकताओं को समझने में महत्व.

(i) गरीबी लोग बेरोजगारी के कारण इस परिस्थिति में हो सकते है। इसलिए गरीबी को लक्षित करने से बेहतर होगा बेरोजगारी को लक्षित किया जाए

(ii) जैसे बाल श्रम के पीछे परिवार की गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, आकार इत्यादि जिम्मेदार

होते है इसलिए बाल श्रम को समझने के लिए गरीबी, अशिक्षा इत्यादि को भी समझना चाहिए

निर्धनता-मुखी नीति बनाने में महत्व.

(i) लोगों को कौशल युक्त शिक्षा देना चाहिए न कि बेरोजगारी भत्ता ।

(ii) लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए न कि बेरोजगारी भत्ता

(iii) किसानों के लिए संस्थागत एवं प्रक्रियात्मक सुधारों को करना चाहिए न कि सब्सिडी देना चाहिए

इसलिए यह उपागम समस्या की वास्तविक प्रकृति को समझने में अपना योगदान देता है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(b)** While in principle most nations claim commitment to universal values, in practice these values are honoured more in breach than in the observance. In context of this statement, comment on the relevance of values in foreign policy. **(10)**

यद्यपि सैद्धांतिक रूप में अधिकतर राष्ट्र सार्वभौमिक मूल्यों के प्रति वचनबद्धता का दावा करते हैं, लेकिन व्यवहार में इन मूल्यों का उल्लंघन अधिक और अनुपालन कम किया जाता है। इस कथन के संदर्भ में, विदेश नीति में मूल्यों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए।

सार्वभौमिक मूल्यों के अंतर्गत मानवाधिकारों का सम्मान, जलवायु परिवर्तन को कम करना, एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना, गरीबी व भुखमरी निवारण इत्यादि आते है।

विदेश नीति में सामान्यतः देश मूल्यों को ज्यादा प्राथमिकता नहीं देते परन्तु वे अपने देश हित को ~~लिए~~ सर्वप्रथम महत्व देते है।

इसी वजह से वर्तमान में उपयुक्त सहयोग के अभाव के कारण जलवायु परिवर्तन की समस्या बढ़ रही, आतंकवाद एव कट्टरवाद का प्रसार बढ़ रहा है, गरीबी व भुखमरी

में निरंतर प्रसार हो रहा है। शरणार्थियों की समस्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इन समस्याओं के पीछे प्रमुख कारण सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों का उल्लंघन की है। इसलिए हमें हमें अपने देश हितों को प्राथमिकता देने के साथ-साथ विदेश नीति में इन मूल्यों को शामिल करने का प्रयास करना चाहिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**6.** While some ethical approaches consider an action to be ethical based on results, other focus on means. Taking the example of Indian bureaucracy compare and examine how these approaches have played out for the benefit of citizens. **(10)**

जहाँ कुछ नैतिक दृष्टिकोण किसी कार्यवाही को उसके परिणामों के आधार पर नैतिक मानते हैं, वहीं दूसरे विचारक साधनों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। भारतीय नौकरशाही का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए तुलनात्मक परीक्षण कीजिए कि इन दृष्टिकोणों ने नागरिकों को लाभान्वित करने में किस प्रकार अपनी भूमिका का निर्वाह किया है।

गांधीजी व कांट जैसे दार्शनिक साधन की पवित्रता पर बल देते हैं जबकि बेन्थम व मिल जैसे दार्शनिक परिणामों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करते हैं।

| परिणाम की पवित्रता | साधन की पवित्रता |
| --- | --- |
| → निर्धन लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए कुछ अमीर लोगों से करों का संग्रहण करना गलत नहीं है क्योंकि यह व्यापक हित में | → सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने के लिए आधार को अनिवार्य बनाना सही नहीं है क्योंकि इससे व्यापक लाभ तो होगा परन्तु |

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

| | |
|---|---|
| होता है। | इससे लोगों की ~~नैतिकता~~ निजता पर खतरा आ सकता है। |
| → निर्धनों में भूमि के पुनर्वितरण के माध्यम से कुछ जमींदारों से भूमि छीनना गलत नहीं कहा जा सकता है। | → भारत में प्रशासन में में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जाती है चाहे कुछ नुकसान ही क्यों न हो जाये<br>→ बहुसंख्यकों के फायदे के लिए अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाना गलत |

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**7.** What are the ethical principles that should form the basis of the system permitting organ donation and allocation? Also discuss the importance of regulation for the success of any organ transplant program. **(10)**

अंगदान और आवंटन की अनुमति प्रदान करने का आधार निर्मित करने हेतु उपयोग किए जाने योग्य नैतिक सिद्धांत क्या होने चाहिए? किसी भी अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम की सफलता के लिए विनियमन के महत्व की चर्चा कीजिए।

→ ऑनलाइन डाटा बनाना

→ अंगों के वाणिज्यिकरण पर रोक लगाना

→ मृतक से पहले सहमति या बाद में इसके परिजनों से सहमति लेना

→ अंगों का समावेशी तरीके से वितरण करना ताकि गरीबों को भी इसका लाभ मिले

→ एक विनियामक प्राधिकरण का गठन

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**8.** Where as some argue that leaks constitute an affront to democracy, others are of the opinion that leaks are a part of democracy. Examine the merits of both the arguments in the context of information attributed to leaks from government offices and whistleblowers. **(10)**

जहाँ कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि रहस्योदघाटन से लोकतंत्र का निरादार होता है, वहीं अन्य लोगों का मत है कि रहस्योद्घाटन लोकतंत्र का एक भाग हैं। सरकारी कार्यालयों और व्हिसल ब्लोअरों द्वारा किए जाने वाले रहस्योदघाटनों से संबद्ध जानकारी के संदर्भ में इन दोनों तर्कों के गुणों का परीक्षण कीजिए।

विपक्ष में

→ सरकारी सीक्रेट से सुरक्षा को खतरा

→ निर्णय प्रणाली का धीमा होना

व्हिसलब्लोआर के पक्ष में

→ पारदर्शिता में वृद्धि

→ भ्रष्टाचार में कमी

→ सूचना का अधिकार सुनिश्चित होना

→ सरकार का उत्तरदायी होना

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**9.** You are a young recruit to the IAS. Upon the completion of your training you have been posted in a subdividion of a district where industrial development has been lagging. The area has large reserves of minerals and a significant tribal population. The government has identified the area for a large thermal power plant and also adequate expansion of mining. This announcement has seen a rise in land prices in the area as well as unrest among the local population about possible land acquisition. As part of routine examination of records you observe large land purchases in recent years that are linked with the family of the local politician, who is also a member of the state cabinet. You also recognise that much of this land is around the site of the proposed industrial area. Further, one of your staff members also informs you that the family has been buying in the name of drivers, cleaners as well as domestic helps. You feel that having been aware of the policy decision the politician has played a role in these purchases. Incidently your relations with the politician have been cordial and he is a popular figure in the area.

**(a)** As the official responsible for acquisition of land and payment of compensation for the land acquired, what are the ethical issues that you face in the given situation?

**(b)** What will be your response to a suggestion that in view of these benami land transfers a freeze on land sale in the area should be enforced?

**(c)** What is the course of action that you would take? Justify with reasons. **(20)**

आप नवनियुक्त एक युवा IAS हैं। आपके प्रशिक्षण के समापन पर आपको एक जिले के एक ऐसे सब-डिवीज़न में पदस्थापित किया गया है जो औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में खनिज के विशाल भंडार हैं और पर्याप्त संख्या में जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। सरकार ने एक बड़े थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना और साथ ही खनन का पर्याप्त विस्तार करने के लिए इस क्षेत्र को चिह्नित किया है। इस घोषणा के परिणामस्वरूप क्षेत्र में भूमि की कीमतों में उछाल और साथ ही स्थानीय जनसंख्या के बीच संभावित भूमि अधिग्रहण के कारण अशांति व्याप्त होने की स्थिति पायी गयी है। रिकॉर्ड्स (अभिलेखों) की नियमित जाँच के दौरान आपको ज्ञात होता है कि हाल के वर्षों में स्थानीय राजनेता के परिवार से संबद्ध लोगों द्वारा बड़ी मात्रा में भूमि की खरीद की गई है, और वह राजनेता राज्य मंत्रिपरिषद का सदस्य भी है। आपको यह भी ज्ञात होता है कि इनमें से अधिकतर भूमि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास हैं। इसके अतिरिक्त, आपका एक कर्मचारी आपको यह सूचना देता है कि उक्त परिवार द्वारा अपने वाहन चालकों, सफाई कर्मचारियों और साथ ही घरेलू सहायकों के नाम पर भी जमीनें खरीदी गयी हैं। आपको अनुभव होता है कि नीतिगत निर्णय से अवगत होने के कारण राजनेता की इन खरीदों में भूमिका रही है। संयोग से राजनेता के साथ आपके संबंध सौहार्दपूर्ण रहे हैं और वह क्षेत्र में लोकप्रिय भी है।

(a) भूमि अधिग्रहण एवं अधिग्रहित भूमि हेतु क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए जिम्मेदार अधिकारी के रूप में, दी गई परिस्थिति में आप कौन-से नैतिक मुद्दों का सामना करेंगे?

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) इन बेनामी भूमि अंतरणों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में भूमि की बिक्री पर रोक लगाए जाने के सुझाव पर आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी?

(c) आप क्या कार्यवाही करना चाहेंगे? तर्क प्रस्तुत करते हुए इसका औचित्य सिद्ध कीजिए।

(a) परिस्थिति में शामिल नैतिक मुद्दे

(i) मेरे राजनेता के साथ संबंध तथा मेरा अधिकारिक कर्तव्य में टकराव की संभावना।

(ii) जनजातियों को उनको बिना बताये ठगा जा रहा है।

(iii) राजनेता द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया जा रहा है।

(iv) बेनामी लेनदेन में शामिल लोगों के अधिकारों का उल्लंघन

(v) जनजातीय क्षेत्र के विकास एवं उनके विस्थापन से संबन्धित नैतिक मुद्दे

(b) भूमि की बिक्री पर रोक लगाये जाने के संबन्ध में मेरे समक्ष निम्नलिखित प्रमुख विकल्प मौजूद होगे

1. मैं राजनेता को अपने पद के दुरुपयोग

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

करने संबन्धी अपराध के लिए सजा दिलवाने का प्रयास करूं -

पक्ष - इससे जनजातियों के अधिकारों की रक्षा होगी।

- भूमि की कीमतों में हुए अनावश्यक उछाल में कमी आएगी।

विपक्ष - मेरे और राजनेता के निजी संबंध खराब हो सकते हैं।

- राजनेता के लोकप्रिय होने के कारण, उनके खिलाफ कार्रवाई करने पर क्षेत्र का माहौल बिगड़ सकता है।

2. मैं भूमि बिक्री पर रोक न लगाऊं तथा यह कृत्य होने दूं

पक्ष - (i) क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहेगी।

(ii) मेरे व राजनेता के निजी संबंध सही रहेंगे

विपक्ष -
→ जनजातियों के भूमि अधिकारों का उल्लंघन ।
→ मुझे अन्याय का पता होने पर भी कानूनी कार्यवाही न किया जाना, मेरे पद का दुरुपयोग व अनैतिक होगा

(3) राजनेता को चेतावनी दी जाये कि आगे भूमि खरीद न हो तथा अब तक खरीदी गई भूमि वापस जनजातीय समुदाय को दी जाए -

पक्ष - (i) जनजातियों के अधिकारों की रक्षा ।
(ii) क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना रहेगा ।
(iii) मेरे और राजनेता के निजी संबन्ध बने रहेंगे ।

विपक्ष - (i) राजनेता पर बेनामी लेनदेन के लिए कार्रवाई न करना थोड़ा कानून के खिलाफ हो सकता है । मुझे पता होने पर भी ।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(c) उपर्युक्त विकल्पों में से मैं तृतीय विकल्प का चयन करने का प्रयास करूंगा, क्योंकि यह व्यापक हित को पूरा करेगा। इससे अधिकतम लोगों को अधिकतम लाभ की प्राप्ति होगी। हालांकि इसके कुछ नकारात्मक पक्ष भी है परन्तु इनके सामने इसकी सकारात्मकतायें ज्यादा है। इसलिए व्यापक हित को साधने तथा क्षेत्र में शान्तिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए यह विकल्प सर्वाधिक औचित्य-पूर्ण प्रतीत होता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** According to the WHO suicide is the second leading cause of death in the age group of 15-29 years globally. In India also, instances of young people committing suicide have been reported widely in recent times. It is all the more disturbing that such a phenomenon is increasingly visible in urban and prosperous areas.

**(a)** What are the reasons that render people vulnerable to taking such drastic steps as suicide?

**(b)** Also, discuss the role that you as an individual, the society and the government can play in addressing this issue. **(20)**

WHO के अनुसार विश्व स्तर पर 15-29 वर्ष के आयुवर्ग में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण आत्महत्या है। भारत में भी, हाल के दिनों में युवाओं द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं की व्यापक रिपोर्ट आती रही हैं। शहरी और समृद्ध क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं में निरंतर वृद्धि का दिखायी देना और अधिक विचलित करने वाला विषय है।

(a) लोगों को आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने के प्रति सुभेद्य बनाने वाले कारण क्या हैं?

(b) साथ ही, चर्चा कीजिए कि व्यक्तिगत रूप से आप, समाज और सरकार इस समस्या का समाधान करने में किस प्रकार भूमिका निभा सकते हैं।

हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान दिल्ली में एक शोध छात्रा के द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई। इस प्रकार की घटनाओं के कारण भारत के समक्ष आत्महत्या एक व्यापक चुनौती बन चुकी है।

(a) लोगों को आत्महत्या के लिए सुभेद्य बनाने वाले प्रमुख कारण

- शहरी परिवेश में व्यक्ति अकेलेपन की जिन्दगी व्यतीत करता है। सामाजिक

अलगाव के कारण कठोर मनोवैज्ञानिक परिस्थिति के दौरान वे अवसाद के ग्रस्त होने पर ऐसे कदम उठाते हैं।

→ शहरों में माता-पिता अपने बच्चों को ज्यादा भावनात्मक परिवेश नहीं दे पाते हैं, क्योंकि वे अपने ऑफिस कार्य में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। इस कारण बच्चे तथा युवा वर्ग इस कृत्य को करने पर मजबूर हो जाते हैं।

→ सोशल मीडिया के प्रचलन के कारण आभासी मित्रता में वृद्धि हो रही है, जबकि वास्तविक वास्तविक मित्रता के माहौल में कमी आ रही है। इस कारण युवा अपने दुःखों को आपस में साझा नहीं कर पाते।

→ शहरों में बेरोजगारी के बढ़ने पर भी युवा अवसाद के कारण ऐसे कदम उठाते हैं।

→ शहरी परिवेश में आत्महत्या के विरुद्ध नैतिक विचार-विमर्श का अभाव होने के कारण युवा इस कदम को गलत नहीं समझते।

→ घरेलू समस्या तथा शैक्षिक असफलता।

(b) व्यक्तिगत रूप में मेरी भूमिका

(i) मैं अपने दोस्तों को उनके कठिन समय में पर्याप्त मनोवैज्ञानिक सहयोग देने का प्रयास करूंगा।

(ii) समाज में लोगों के बीच इस कृत्य के अनैतिक पहलुओं को उजागर करने का प्रयास करूंगा।

(iii) सॉशल ~~मीडिया~~ मीडिया के माध्यम से जागरूकता प्रसार करने का कार्य।

(iv) अवसाद से पीड़ित व्यक्ति या मित्र मिलने पर उसे मनोवैज्ञानिक के पास जाने

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

की सलाह दूँगा।

* समाज की भूमिका

(i) समाज को आपस में मनोवैज्ञानिक सहयोग बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

(ii) शहरों में अवसाद को दूर करने के लिए मित्र मंडलियों एवं संगोष्ठियों का आयोजन होना चाहिए।

(iii) नैतिक ढांचे को मजबूत किया जाना।

सरकार की भूमिका

(i) आत्महत्या को एक गैर-कानूनी एवं अनैतिक कृत्य घोषित कर देना चाहिए

(ii) युवाओं की काउंसलिंग के लिए जगह-जगह काउंसलिंग केन्द्र खोले जाने चाहिए

(iii) बेरोजगारी को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

इस प्रकार सभी के सम्मिलित प्रयासों के माध्यम से इस कुरीति को कम करने की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**11.** You are posted as a District Magistrate of a primarily rural district. Excess agricultural production has led to a continuous fall in market prices of crops in the last three years. With elections approaching soon, the opposition has decided to make this a political issue and has mobilised farmers to protest against falling prices. The protests turned violent at some point and police had to fire in self-defence, killing two people. Violence has increased since then and you yourself were attacked when you tried to pacify the protestors. The protestors have also blocked the main roads as well as railways to prevent movement of goods and people.
Given the situation, answer the following questions:

**(a)** Identify the key concerns that need to be addressed on a priority basis.

**(b)** What steps will you take to address them? **(20)**

आप मूलत: ग्रामीण परिवेश वाले एक जिले के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में पदस्थापित हैं। अधिशेष कृषि उत्पादन के परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों में फसलों के बाजार मूल्य में निरंतर गिरावट आई है। शीघ्र ही चुनाव आने के कारण, विपक्ष ने इसे एक राजनीतिक मुद्दा बनाने का निर्णय लिया है और गिरते मूल्यों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने के लिए किसानों को एकजुट किया है। कुछ स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन ने हिंसक रूप धारण कर लिया और पुलिस को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी, जिसमें दो लोगों की मृत्यु हो गई। तब से हिंसा और अधिक बढ़ गई है और जब आपने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया तो आप पर भी आक्रमण किया गया। प्रदर्शनकारियों ने वस्तुओं और लोगों की आवाजाही को बाधित करने के लिए मुख्य सड़कों और साथ ही रेल मार्गों को भी अवरूद्ध कर दिया है।
दी गई परिस्थिति में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(a) उन प्रमुख चिंताओं की पहचान कीजिए जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की आवश्यकता है।

(b) उनका समाधान करने के लिए आप कौन-से कदम उठाएंगे?

पिछले वर्ष मंदसौर (मध्यप्रदेश) में घटी कुछ ऐसी ही घटना सरकार एवं प्रशासन के समक्ष कानून-व्यवस्था एवं जनता के कल्याण की दोहरी चुनौती प्रस्तुत करती प्रतीत होती है।

प्रमुख हितधारक

(1) मैं स्वयं

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(ii) किसान
(iii) सरकार
(iv) विपक्ष
(v) आम जनता

**प्रमुख चिंताएं -**

(i) जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब हो जाने के कारण मेरा तात्कालिक प्रयास कानून व्यवस्था को सुधारने का होगा क्योंकि इससे जनता के बीच भय के माहौल की समाप्ति होगी तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए एक आधार तैयार होगा

(2) किसानों के गोलीबारी में मारे जाने पर उनके लिए सरकार को निवेदन कर तत्काल मुआवजे की घोषणा करने का प्रयत्न करूंगा तथा किसानों को शांति बनाये रखने की अपील करूंगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) किसानों की अधिशेष उपज का उचित मूल्य दिलाना मेरी अगली प्राथमिकता होगी क्योंकि कृषि भारत में किसान के जीवन निर्वाह का साधन होती है।

(4) सरकार को सलाह देना कि उनको किसानों की समस्या का तत्काल समाधान करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह उनके अस्तित्व तथा जनकल्याण के पक्ष में होगा।

इसके लिए मैं निम्नलिखित कदम उठाने का प्रयास करूंगा -

(i) सर्वप्रथम मीडिया के माध्यम से अपील करने का प्रयास करूंगा कि किसान जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखें क्योंकि प्रत्येक समस्या का समाधान शांतिपूर्ण माहौल में निश्चित रूप से हो सकता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(ii) मृतक किसानों के परिजनों के लिए पर्याप्त मुआवजा एवं सरकारी सहयोग देने का वचन दूंगा।

(iii) पुलिस को आगे की कार्रवाई के संबन्ध में निर्देश दूंगा कि अत्यंत गंभीर परिस्थिति होने पर ही बल प्रयोग करने का प्रयास करें।

(iv) किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए भण्डारगृहों में उनकी उपज को संग्रहित करने का प्रयास करूंगा तथा उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने का प्रयास करूंगा।

(v) सरकार को किसानों के उपज के सही मूल्य को निर्धारित करने के लिए MSP बढ़ाने तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने की सलाह देने का प्रयास करूंगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

इसमें मैं लोकसमाज, समाज के बुद्धिजीवी वर्ग इत्यादि का पर्याप्त सहयोग भी लेने का पूरा प्रयास करूंगा ताकि इस विकट परिस्थिति से निपटा जा सके।

**12.** You have recently been promoted as a Branch Manager in a Public Sector Bank. The bank is battling high NPAs and mounting losses. You have been assigned a very high target of loans by the higher management for the current quarter. Your career prospects also depend on your performance in critical times. Few days back you rejected a loan application for a huge sum based on detailed analysis. Today you got a call from the Regional Manager to approve the loan quickly. On your reluctance to approve, he hints that the loan is sought by a person well connected in the finance ministry and that a refusal will have consequences for everyone in the approval chain. You are now in a tough spot.
Based on the given information, answer the following questions:

**(a)** Bring out the ethical issues in the case above.

**(b)** What are the consequences of agreeing to the demands of the senior in the given case. Assess which of them are meritorious and which are not.

**(c)** Suggest institutional reforms that can result in non-punishment of honest feedback. **(20)**

आपको हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्रक के एक बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में पदोन्नत किया गया है। यह बैंक उच्च NPAs और बढ़ते नुकसान से जूझ रहा है। उच्च प्रबंधन ने वर्तमान तिमाही में ऋण वितरित करने का एक अत्यधिक उच्च लक्ष्य आपको सौंपा है। आपके करियर की संभावनाएं भी महत्वपूर्ण समय में आपके प्रदर्शन पर निर्भर करती हैं। कुछ दिनों पूर्व विस्तृत विश्लेषण के आधार पर आपने एक विशाल राशि के लिए एक ऋण आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। आज आपको क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से उस ऋण आवेदन को शीघ्रतापूर्वक अनुमोदित करने के लिए फोन आया। इसे स्वीकृत करने हेतु आपके द्वारा अनिच्छा व्यक्त किए जाने पर, वह आपको संकेत करते हैं कि इस ऋण की मांग ऐसे व्यक्ति द्वारा की जा रही है जिसके वित्त मंत्रालय से घनिष्ठ संबंध हैं और इनकार करने पर अनुमोदन श्रृंखला में विद्यमान प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रतिकूल परिणाम होंगे। अब आप एक कठिन परिस्थिति में फंस गए हैं।
दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(a) उपर्युक्त मामले में समाविष्ट नैतिक मुद्दों को प्रस्तुत कीजिए।

(b) दिए गए मामले में वरिष्ठ अधिकारी की मांगों के प्रति सहमत होने के परिणाम क्या होंगे। आकलन की कीजिए कि उनमें से कौन-से अनुकरणीय हैं और कौन-से नहीं।

(c) ऐसे संस्थागत सुधारों का सुझाव दीजिए जिससे ईमानदारी से दी गई प्रतिपुष्टि (फीडबैक) के लिए कोई सजा न भुगतनी पड़े।

हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक में बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कारण हुए घोटालों के कारण भारत की बैंकिंग व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है।

परिस्थिति के हित धारक.

(i) मैं स्वयं
(ii) बैंकिंग व्यवस्था
(iii) सरकार
(iv) ऋण आवेदन कर्ता
(vi) क्षेत्रीय प्रबंधक
(vii) व्यापक आम जनता व उपभोक्ता

(a) प्रमुख नैतिक मुद्दे

(i) उच्च NPA के बावजूद ऋण देना बैंकिंग व्यवस्था के स्वास्थ्य के लिए अहितकर
(ii) पर्याप्त विश्लेषण के बावजूद उस व्यक्ति को ऋण देना नियमों का उल्लंघन
(iii) मेरे बैंक तथा जनता के प्रति कर्तव्यों का उल्लंघन होगा
(iv) अपने पद व करियर की सुरक्षा के

लिए संपूर्ण व्यवस्था को खतरे में डालना अनैतिक कदम।

(iv) वित्त मंत्रालय एवं आवेदनकर्ता के संबन्धों का बैंकिंग व्यवस्था पर कुप्रभाव।

(v) अपनी नौकरी व करियर को बचाना भी मेरी स्वयं की जिम्मेदारी।

(b) वरिष्ठ अधिकारी की माँगों के प्रति सहमत होने के परिणाम -

(i) मेरी नौकरी पर खतरा आ सकता है।

(ii) मेरे करियर की प्रगति पर संकट आ सकता है। - मेरे लिए खतरनाक

(iii) उस व्यक्ति को ऋण नही देने पर बैंकिंग व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। क्योंकि बैंक पहले से ही भारी NPA के कारण तनाव में है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ यह परिणाम संपूर्ण बैंकिंग व्यवस्था, अर्थव्यवस्था तथा व्यापक जनहित के प्रति सकारात्मक प्रतीत होता है

(iv) इससे मेरे साथ अनुमोदन श्रृंखला के बाकी व्यक्तियों पर भी संकट आएगा। मेरी वजह से किसी दूसरे पर संकट आना एक दुविधाजनक परिस्थिति प्रतीत होती है।

ईमानदारों की रक्षा के लिए संस्थागत सुधार-

(i) ऋण देने के आवेदन के आँकलन की रिपोर्ट को तथा उसके संबन्ध में लिए गए निर्णय को बैंकिंग वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किया जाना चाहिए।

(ii) ऋण आवेदन के स्वीकृति की प्रक्रिया को एक स्तरीय न रखकर एक बोर्ड को

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

दी जानी चाहिए जिसमें बैंक के महत्वपूर्ण कर्मचारी शामिल हो।

(iii) RBI द्वारा समय-समय बैंकों द्वारा लिए गए ऋण निर्णयों पर नजर रखने तथा डिफॉल्टरों की जानकारी रखने के लिए सार्वजनिक ऋण रजिस्ट्री (PCR) का तत्काल निर्माण किया जाना चाहिए।

इस प्रकार नियम-विनियमों की कड़ी निगरानी तथा प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाकर समस्या का समाधान हो सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**13.** You, the chairperson of a State Public Service Commission (SPSC), come to know that there were instances of rampant cheating in a competitive exam conducted recently by the SPSC. Your daughter, who also appeared in this exam and is confident of clearing it corroborates the same. However, she denies engaging in any such activity herself. Whatever decision the Commission takes is bound to affect the career of a large number of candidates who appeared in the exam, including your own daughter.

**(a)** Identify the different stakeholders and their interests in the case above.

**(b)** Enumerate the options you have to handle the current situation. What will be your choice and why?

**(c)** Suggest measures that you would take to make sure that a similar situation does not arise in future. **(20)**

आप, एक राज्य लोक सेवा आयोग (SPSC) के अध्यक्ष हैं। आपको ज्ञात होता है कि SPSC द्वारा हाल ही में आयोजित एक प्रतियोगिता परीक्षा में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की घटनाएँ हुई थीं। आपकी बेटी ने भी इस परीक्षा में भाग लिया था और वह इसमें उत्तीर्ण होने के प्रति आश्वस्त है, वह भी इन घटनाओं की पुष्टि करती है। हालांकि, वह स्वयं ऐसी किसी प्रकार की गतिविधि में संलग्न होने से इनकार करती है। आयोग जो भी निर्णय लेगा, उससे परीक्षा में भाग लेने वाले बहुसंख्यक उम्मीदवारों का भविष्य प्रभावित होना तय है, जिनमें आपकी बेटी भी सम्मिलित है।

(a) उपर्युक्त मामले में विभिन्न हितधारकों एवं उनके हितों की पहचान कीजिए।

(b) वर्तमान परिस्थिति से निपटने के लिए आप अपने पास उपलब्ध विकल्पों को सूचीबद्ध कीजिए। आप किस विकल्प का चयन करेंगे और क्यों?

(c) ऐसे उपायों का सुझाव दीजिए जो यह सुनिश्चित करने के लिए आप अपनाएंगे जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति पुन: उत्पन्न न हो।

भारत में राज्य लोक सेवा आयोगों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं में धोखाधड़ी की घटनाओं के कारण युवाओं के भविष्य के समक्ष संकट मंडरा रहा है।

इसके तत्काल समाधान के लिए इसके विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण आवश्यक है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) मामले में शामिल हितधारक एवं उनके हित

(i) SPSC -
हित- यह उसकी प्रतिष्ठा का प्रश्न है

(ii) मैं स्वयं
हित- मेरे पद पर संकट आ सकता है।

(iii) मेरी बेटी
हित- मेरी बेटी का भविष्य ।

(iv) बहुसंख्यक उम्मीदवार
हित- उनके रोजगार व भविष्य का प्रश्न है।

(v) आम जनता-
हित- उनके करों का प्रयोग सही जगह हो
↳ समाज में भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण हो

(b) परिस्थिति से निपटने हेतु विकल्प

1. परीक्षा को तुरंत रद्द किया जाए-

पक्ष- → इससे बेईमान विद्यार्थियों को सबक मिलेगा
→ परीक्षा में पारदर्शिता आएगी

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

~~(iii) मैं~~ इस

विपक्ष- (i) ईमानदार उम्मीदवारों के साथ नाइंसाफी।

(ii) मेरी बेटी का भविष्य खतरे में हो सकता है।

(iii) बिना जाँच के तत्काल निर्णय लेना गलत

2. मैं धोखाधड़ी को अनदेखी कर दूं-

पक्ष

(i) मेरी बेटी का भविष्य सुरक्षित होगा

(ii) अनेक परीक्षार्थियों को, जिनके चयन की उम्मीद थी, दुबारा परीक्षा नहीं देना पड़ेगा

विपक्ष-

(i) ईमानदार परीक्षार्थियों के साथ अन्याय

(ii) भविष्य में घटना के दोहराव की संभावना

3. परीक्षा की जाँच के लिए समिति का गठन करूं तथा तब तक के लिए परीक्षा ~~परीक्षा~~ परिणाम रोक दूं-

पक्ष-

(i) मामले की पूर्ण सच्चाई का पता लगेगा

(ii) दोषियों को सजा दिलाने में सहायता मिलेगी।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(iii) मेरी बेटी का भविष्य सुरक्षित

विपक्ष-
(i) परीक्षा के कार्यक्रम के विलंब होने की संभावना
(ii) परीक्षार्थियों में आयोग के खिलाफ नकारात्मकता का भाव

इसमें तृतीय विकल्प सर्वाधिक उचित प्रतीत होता है क्योंकि इसमें निष्पक्ष जाँच के बाद सभी के हितों की सुरक्षा संभव होगी

(e) प्रमुख सुझाव

(i) परीक्षा को आयोजित करने के लिए पर्याप्त निगरानी बल एवं तंत्र का प्रयोग करना
(ii) भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाना तथा संलिप्त उम्मीदवारों को आयोग की

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

सभी परीक्षाओं के लिए अयोग्य घोषित करना

(iii) समाज के ~~परीक्षा~~ नैतिक ढांचे में सुधार का प्रयास किया जाना चाहिए क्योंकि लोग परीक्षा में सफल होने को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं न कि प्रयोग किए गए तरीकों को। महात्मा गांधी इसको अनुचित ठहराते हैं।

अतः पर्याप्त संस्थागत, विधिक एवं नैतिक प्रयासों के माध्यम से समस्या का समाधान संभव है।

**14.** You are waiting in your car for your turn at a toll tax booth. You suddenly witness some men heckling and manhandling the toll booth operator and vandalising the property at the toll booth. They are accompanying a local politician who was passing through. Disgruntled with the fact that they were asked to pay the toll, they began to argue that the toll is too high and the public is being exploited by charging an unreasonable toll fee. At the same time they are also warning others against paying the toll fee. However, the other people around you are keeping with themselves, without anyone coming forward to intervene. While you also felt that the toll was quite high, you believe that this is not the right thing to do.

**(a)** Bring out the ethical issues in the case above.

**(b)** What accounts for such an overt display of hooliganism in our country.

**(c)** What is the course of action that you would take? Justify with appropriate reasons. **(20)**

आप अपनी कार में टोल टैक्स बूथ पर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अचानक आप कुछ लोगों को टोल टैक्स बूथ के संचालक से उलझते और हाथापाई करते तथा टोल टैक्स बूथ पर संपत्ति को तहस-नहस करते हुए देखते हैं। वे, वहाँ से गुजर रहे एक स्थानीय राजनेता के साथ हैं। टोल टैक्स का भुगतान करने को कहे जाने से असंतुष्ट होकर उन्होंने यह तर्क देना आरम्भ कर दिया कि टोल टैक्स बहुत अधिक प्रभारित किया जा रहा है और ऐसा अनुचित टोल टैक्स प्रभारित कर जनता का शोषण किया जा रहा है। साथ ही वे अन्य लोगों को भी टोल टैक्स का भुगतान न करने की चेतावनी दे रहे हैं। लेकिन, आपके आसपास के अन्य लोग तटस्थ होकर देख रहे हैं और कोई भी हस्तक्षेप करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। यद्यपि आप अनुभव करते हैं कि टोल टैक्स काफी अधिक है, फिर भी आपका मानना है कि इस प्रकार से प्रतिक्रिया करना उचित नहीं है।

(a) उपर्युक्त मामले में समाविष्ट नैतिक मुद्दों को प्रस्तुत कीजिए।

(b) हमारे देश में गुंडागर्दी के ऐसे सार्वजनिक प्रदर्शन का कारण क्या है?

(c) आप क्या कार्यवाही करना चाहेंगे? यथोचित तर्क प्रस्तुत करते हुए इसका औचित्य सिद्ध कीजिए।

स्थानीय राजनेता अनेक बार अपने प्रभाव का प्रयोग कर ऐसी परिस्थिति को पैदा करने का प्रयास करते है।

(a) मामले में समाविष्ट नैतिक मुद्दे

(i) अपने प्रभाव का प्रयोग करके सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना

(ii) राजनेता होने का फायदा उठाकर टोल टैक्स चुकाने की विधिक एवं नैतिक जिम्मेदारी से भागना

(iii) टोल टैक्स कर्मचारियों का कोई दोष न होने पर भी उन पर हमला करना

(iv) सभी घटना को जानने के बावजूद मेरा हस्तक्षेप न करना या करना

(v) लोगों का तटस्थ होकर देखना उस राजनेता के कृत्य को बढ़ावा देता है

(b) ~~हमारे~~ ऐसी गुण्डागर्दी के सार्वजनिक प्रदर्शन के कारण -

(i) राजनेताओं पर कानूनी प्रक्रियाओं ~~का~~ का

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उल्लंघन होने पर उचित कार्रवाई की कमी।

(ii) कोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया का धीमा होना।

(iii) सरकार द्वारा ऐसे नेताओं का समर्थन किया जाना।

(iv) पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक प्रभाव होने के कारण कार्रवाई न होना।

(v) समाज द्वारा ऐसे नेताओं के कृत्यों पर कार्रवाई करने के बजाय चुपचाप देखना।

(vi) ~~संसदीय प्रभाव~~ अपराध में लिप्त राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर रोक न लगाना तथा चुनाव सुधारों का धीमा होना।

(c) मेरे समक्ष निम्न विकल्प मौजूद हैं—

(i) मैं उस राजनेता के कृत्य को देखकर

बाकी लोगों की तरह तटस्थ बना रहूं

पक्ष- मैं किसी संकट में पड़ने से बच जाऊंगा।

विपक्ष- सरकारी संपत्ति का नुकसान,
- राजनेता इस कृत्य को दोहराने के लिए प्रोत्साहित होगा
- मेरे एक जिम्मेदार नागरिक के नैतिक कृत्य का उल्लंघन

(2) बाकी लोगों को घटना में हस्तक्षेप करने के लिए निवेदन करूंगा

पक्ष- भीड़ के प्रतिरोध के कारण राजनेता दबाव में आकर यह कृत्य रोक सकता है
- कानून व्यवस्था बनी रहेगी

विपक्ष- राजनेता मेरे लिए व्यक्तिगत नाराजगी का सृजन कर सकता है
- मुझे नुकसान पहुंचाया जा सकता है

(3) राजनेता के कृत्य की वीडियो बनाकर सॉशल मीडिया पर डालना तथा उसके पश्चात

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

पुलिस को तुरंत कॉल करने के बाद पुलिस आने तक भीड़ के माध्यम से उन्हें रोकने का प्रयास करूंगा।

पक्ष → एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य का निर्वहन होगा।
→ सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित होगी।
→ राजनेता को कृत्य के लिए सजा मिल सकेगी

विपक्ष- राजनेता मेरे साथ दुश्मनी कर सकता है

उपर्युक्त विकल्पों में से विकल्प (3) सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होता है क्योंकि इसमें राजनेता को सजा मिलने के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा भी होगी। हालाँकि इसमें मैं नेता के कृत्य की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी डाल सकता हूं।